तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री से.
न्यूनतम 26.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026



25 पंचायतों ने पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव.... 10





गांवों से जुड़ेगा विश्वविद्यालय, शिक्षा और संस्कारों .... 10




## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने की पीएम की रैली को लेकर विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत

# परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास से प्रदेश में नए विश्वास, विकास और भविष्य का संगम बनेगा : बेदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे**

17 जुलाई को प्रदेश में विकास के नए युग का श्रीगणेश होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास से प्रदेश में नए विश्वास, विकास और भविष्य का संगम बनेगा। प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा में मजबूत आधारभूत ढांचा, औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के भी नए अवसर और विस्तार को बढ़ावा देगा। प्रदेश के लोगों को जहां परियोजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा वहीं स्वास्थ्य सेवाओं और मजबूत कनेक्टिविटी की सुविधाएं भी मिलेगी। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी गुरूवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बेदी ने कहा कि जींद के एकलव्य स्टेडियम में होने वाली रैली पूरी तरह से इको फ्रेंडली होगी। 17 जुलाई को प्रदेश में विकास के नए युग का श्रीगणेश होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री भिवानी एवं नारनौल में नवनिर्मित दो बड़े श्रीराम मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगें। साथ ही 10 किलोमीटर लंबा कुरूक्षेत्र एलिवेटिड रेलवे ट्रैक का शुभारंभ करेंगे। इस ट्रैक के बनने से क्षेत्र वासियों को करीब आधा दर्जन रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। कृष्ण कुमार बेदी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री अंबाला, काला अंब, ग्रीनफील्ड फोरलेन कॉरिडोर का विस्तार, दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन, जींद-गोहाना एनएच 352ए, हांसी बरवाला फोरलेन तथा बीकानेर-सिवानी-सोनीपत सड़क परियोजनाओं के विस्तार और कुरूक्षेत्र में अत्याधुनिक सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी करेंगे। साथ ही वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारम्भ करेंगे।



जींद। विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

### प्रगति की नई इबारत लिखेगा

इन सभी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास जींद में प्रस्तावित जनसभा से ही वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा करोड़ों रुपये की अन्य विकास परियोजनाओं का भी प्रधानमंत्री उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री का जींद दौरा प्रदेश के विकास का साक्षी बनेगा और प्रगति की नई इबारत लिखेगा।

## रैली को लेकर प्रदेश अध्यक्ष-प्रदेश प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को बांटे काम

- पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा का जींद से जाएगा संदेश : डा. अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई को जींद में होने वाली जनसभा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता और प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कार्यकर्ताओं को काम बांटे। गुरुवार को जींद स्थित चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हुई बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और रैली के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ले अब तक की तैयारियों की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम को इको फ्रेंडली बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी ने पीएम मोदी की रैली से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की और उनके सुझाव मांगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को भव्य बनाने की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने एक-एक पदाधिकारी से संवाद किया।

### पूरे देश के लिए गर्व का विषय

प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नही बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक अवसर है। 17 जुलाई को पीएम मोदी जींद की पावन धरती से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित करेंगे, साथ ही भारत के बुनियादी विकास को मजबूती देने के लिए हरियाणा को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देंगे। डा. पूनिया ने कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन भारत की तकनीकी क्षमता, स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी और यह केवल हरियाणा ही नहींए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। डा. पूनिया ने कार्यकर्ताओं की तारीफ की और कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को अपना दायित्व मानकर कार्य करें तथा गांव-गांव और बूथ स्तर तक लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### भूमि कब्जाने के आरोप में 18 के खिलाफ केस

**कैथल।** गांव रसूलपुर में सगे भाई पर ही पैतृक जमीन पर कब्जे की कोशिश, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। सीवन पुलिस को दी शिकायत में सनसिटी कैथल के विक्रम सिंह मुल्तानी ने बताया कि वह 2007 से जिला अदालत कैथल में वकालत कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके सगे भाई लखविंद्र सिंह सहित अन्य आरोपी उनकी और उनके भाई के हिस्से की गांव रसूलपुर स्थित जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

### धोखाधड़ी से गाड़ी हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** आयशर गाड़ी लेकर उसकी किस्तें न भरने और बाद में गाड़ी वापस न देने का मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव संदौला जिला कुरुक्षेत्र निवासी विक्रम को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव ढयोड़ खेड़ी निवासी जसविन्द्र की शिकायत अनुसार कैथल में उसकी एक फर्म है जिसमें वह अकेला प्रोपराइटर है। उसने अप्रैल 2025 में फर्म के नाम से गाड़ी ली। गाड़ी पर लोन करवाया था जो कि गाड़ी की मासिक किस्त 49600 रुपये है और गाड़ी की कुल 59 किस्त हैं।

### पेंट व्यापारी से साइबर ठगों ने 2.45 लाख ठगे

**कैथल।** कलायत में पेंट व्यापारी से अमेरिका में रह रहे परिचित की मदद के नाम पर 2.45 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। पीड़ित ने अपने दोस्त के कहने पर दो अलग-अलग बैंक खातों में एनईएफटी के जरिए रकम ट्रांसफर की। बाद में पता चला कि दोस्त के साथ भी धोखाधड़ी हुई है। शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी को बेरहमी से पीटा, पति नामजद

**जींद।** राम कालोनी में पत्नी की बेरहमी से पिटाई करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राम कालोनी निवासी मंजू ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह शाम को अपने काम काज को निपटा रही थी। उसी दौरान उसका पति अरविंद घर आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो अरविंद ने उसकी डंडों से बेरहमी से पिटाई की। बचाव में शोर मचाए जाने पर आसपास के लोगो ने उसे अरविंद की चंगुल से छुड़वाया।

### जुआ खेल रहे सात आरोपी गिरफ्तार

**राजौंद।** थाना राजौंद पुलिस टीम द्वारा संतोख माजरा में स्थित एक मकान में ताश से जुआ खेल रहे 7 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 5 हजार 610 रुपए नकदी व ताश पत्ते बरामद हुए। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना राजोंद पुलिस प्रभारी एसआई हरपाल सिंह की अगुवाई में एचसी आशीष व सिपाही पलविंद्र सिंह की टीम गश्त दौरान गांव संतोख माजरा चर्च के पास मौजूद थी, जहां गुप्त सूचना मिली थी।

### चोरी की बाइक के साथ तीन दबोचे, भेजे जेल

**जींद।** अलेवा थाना पुलिस ने चोरीशुदा बाइक के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत मे पेश किया। जहां से अदालत ने उन्हे न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है। थाना अलेवा के प्रभारी आत्माराम ने बताया कि गांव जीवनपुर निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह कार्यवश गांव नगूरां आया था। उसने अपनी बाइक जानकार के मकान के बाहर खड़ी की थी। जब वह बाहर आया तो उसकी बाइक गायब मिली थी।

## नागरिक अस्पताल में बारिश बन रही आफत

- जरा सी बारिश में अस्पताल परिसर में जमा हो रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिस तरह की उम्मीद की जा रही थी, सोच के अनुरूप वैसा ही हुआ। मानसून की बारिश ने नागरिक अस्पताल जींद की पुरानी बिल्डिंग को फिर अपनी चपेट में ले लिया है। जरा सी बारिश में अस्पताल का पूरा परिसर पानी से भर गया। जिससे मरीजों, उनके तीमारदारों और चिकित्सा कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के बाहर लगाई गई शीटों के अंदर से भी पानी टपकने लगा, जो मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों के लिए परेशानी बना। अब 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं की दरकार बढ़ गई है। पिछले तीन दिनों से कभी हल्की तो कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग परिसर में इमरजेंसी वार्ड के निकट पानी जमा हो जा रहा है। मुख्य गेट के आसपास पानी भरा होने से मरीजों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। पिछले आठ माह से लगभग 12 करोड़ की लागत से रेनोवेशन का कार्य चला हुआ है। 50 साल पुरानी अस्पताल की बिल्डिंग को नया दिखाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। अधिवक्ता सुनील की शिकायत पर विजिलेंस टीम भी जांच कर चुकी है लेकिन सुधार नही हो रहा है। पुरानी बिल्डिंग के बाहर की तरफ लगाई गई अस्थायी शीटें भी बारिश का पानी रोक नही पा रही हैं। अस्पताल के फर्श पर फिसलन बन जाती है। छोटे बच्चों को इमरजेंसी वार्ड तक लाने में परेशानी होती है। अस्पताल की प्रतिदिन क ओपीडी ओसतन 1800 तक है।



## दिल्ली के किसान घाट पर देशव्यापी आंदोलन का ऐलान

- पंद्रह को मार्च निकाल कर प्रधानमंत्री मोदी के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ढांड

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की महत्वपूर्ण बैठक ढाड बस स्टैंड स्थित कार्यालय में युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक को संबोधित करते युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि देश के किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवाओं तथा आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से पिछले दिनों चंडीगढ़ में विभिन्न किसान, मजदूर, छात्र, युवा एवं सामाजिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में देशभर के अनेक प्रमुख किसान संगठनों एवं संघर्षशील मंचों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से इस मंच का नाम देश बचाओ मोर्चा रखा गया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे भारत–अमेरिका व्यापार समझौते का कड़ा विरोध करते हुए इसे हर हाल में रद्द करवाने का संकल्प लिया गया। सभी ने कहा कि यह समझौता देश के किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, युवाओं तथा देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए गंभीर खतरा है। भारत–अमेरिका व्यापार समझौता तत्काल रद्द किया जाए। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सी 2+50% फार्मूले पर सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। किसानों की संपूर्ण कर्जमुक्ति सुनिश्चित की जाए। जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं राष्ट्रीय जल नीति को प्रभावी ढंग से लागू कर देश के जल संकट का स्थायी समाधान किया जाए। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी एवं सुनिश्चित मूल्य दिया जाए आदि।



ढांड। बैठक में जानकारी देते किसान। फोटो :हरिभूमि

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के जुर्म में 20 साल का कारावास

- सजा के अलावा दोषी को लगाया एक लाख 15 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने के जुर्म में दोषी को बीस वर्ष का कारावास तथा एक लाख 15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सिविल लाइन थाना इलाके के एक व्यक्ति ने सात अगस्त 2028 पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर पता चला कि गांव सफाखेड़ी निवासी नितिन उसकी बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर लड़की को बरामद कर आरोपित नितिन को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म की भी धारा जोड़ दी थी। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। वीरवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने नितिन को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के जुर्म में बीस साल का कारावास तथा एक लाख 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## डाकघर रोड पर लोहे के खंभे में करंट का खतरा, लोगों में भय

- बिजली निगम के एसडीओ से खंभे को जल्द बदलवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

डाकघर रोड पर दुकानों के साथ लगे लोहे के बिजली के खंभे में बारिश में करंट आने की आशंका से दुकानदारों में दहशत का माहौल है। संभावित हादसे को देख दुकानदारों ने बिजली निगम के एसडीओ जोजो तनेजा से मुलाकात कर खंभे को जल्द बदलने की मांग की। दुकानदार सतीश, ईश्वर, जयकिशन, प्रकाश, सुशील और गौरव ने बताया कि बुधवार रात दुकान का शटर ठीक करते समय अचानक करंट महसूस हुआ। इसके बाद आसपास की दुकानों के लोहे के छज्जों की जांच की गई तो उनमें भी करंट पाया गया। इससे क्षेत्र के दुकानदारों में भय का माहौल बन गया। दुकानदारों का कहना है कि बिजली निगम शहर के अधिकांश पुराने लोहे के बिजली खंभों को बदल चुका है, लेकिन डाकघर रोड पर अब भी लोहे का खंभा दुकानों के बिल्कुल साथ लगा हुआ है। इस संबंध में पहले भी कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ। बारिश के दौरान डाकघर रोड पर अक्सर जलभराव हो जाता है। यदि ऐसे समय खंभे में करंट आ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है और जान-माल का भारी नुकसान होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए बिजली निगम को प्राथमिकता के आधार पर इस खंभे को बदलना चाहिए। बिजली निगम एसडीओ जोजो तनेजा ने बताया कि दुकानदार उनसे मिले थे और उनकी शिकायत पर संज्ञान लिया गया है।



गुहला-चीका। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नपा कर्मचारी संघ के कर्मचारी।

### कर्मचारियों ने आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

**गुहला-चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर बुधवार को ब्लॉक चीका इकाई के कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में गेट मीटिंग कर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार 13 मई को हुए समझौते को लागू करने में लगातार टालमटोल कर रही है और सफाई, सीवर तथा फायर विभाग के कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी कर रही है।गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान पृथ्वी सिंह ने की, जबकि संचालन ब्लॉक सहसचिव सागर ने किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य मुख्य संगठनकर्ता एवं सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव शिवचरण, जिला प्रधान गौरव टांक, जिला सचिव विक्की टांक तथा सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान पवन शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई, सीवर और फायर विभाग के कर्मचारियों के साथ लगातार भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है।

### ढांड स्टेशन पर होगा रेलगाड़ी का अतिरिक्त ठहराव

## एलिवेटेड रेलवे लाइन निर्माण से आज यातायात रहेगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

कुरुक्षेत्र में नरवाना-कुरुक्षेत्र रेल मार्ग पर एलिवेटेड रेलवे लाइन निर्माण के कारण शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक करीब 11 घंटे रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रद्द हेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए सुबह और शाम के समय संचालित होने वाली कुछ ट्रेनों का कैथल और पिहोवा रोड (ढांड) स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव किया जाएगा। जबकि दिल्ली से कुरुक्षेत्र जाने वाली डीएमयू ट्रेन कैथल नहीं आएगी। इसका नरवाना तक तो अंब-अंदौरा से रायपुर हरियाणा जंक्शन तक चलने वाले ईएमयू ट्रेन का अंबाला कैंट तक ही संचालन होगा। इसके साथ ही गांधीनगर–दौलतपुर चौक एक्सप्रेस का रूट डायवर्ट किया जाएगा। शुक्रवार को यह ट्रेन वाया पानीपत और रोहतक होकर जयपुर की तरफ जाएगी। रेलवे अनुसार नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कुरुक्षेत्र में नरवाना मार्ग पर रेल परिचालन पूरी तरह बंद रखा जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद नई सिग्नल प्रणाली और यार्ड व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे भविष्य में ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा पर निकलने से पहले अपनी ट्रेन की वर्तमान स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।



रेलगाडी की फाइल फोटो।

### पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रद्द

रेलवे के फैसले के तहत शुक्रवार को कुरुक्षेत्र-नरवाना रेलमार्ग पर एलिवेटेड रेलवे लाइन निर्माण कार्य के चलते सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान कुछ पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट और डायवर्ट रहेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों का कैथल और पिहोवा रोड (ढांड) स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव किया जाएगा है।

*- सतीश कुमार, स्टेशन मास्टर, कैथल रेलवे स्टेशन।*



राजौंद। जमा गंदा पानी और कीचड़ जिससे लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी।

### वार्ड 13 की वर्षों से कच्ची गली-गंदगी से लोग बेहाल

**राजौंद।** गुरुवार को सुबह हुई जोरदार बरसात से गलियां हुई जलमग्न जिससे लोगों को आवाजाही काफी प्रभावित हुई। सबसे ज्यादा स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी झेलनी पड़ी। वार्ड नंबर 13 की गली पिछले कई वर्षों से कच्ची होने के कारण वार्ड वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली में जगह-जगह कीचड़ और पानी जमा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। लोगों में इस समस्या को लेकर काफी रोष देखा जा रहा है।वार्ड वासियों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए उन्होंने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर उन्होंने अपने स्तर पर ही गली में रोडा डालकर रास्ता कुछ हद तक ठीक किया है, लेकिन बरसात के बाद फिर पानी भर गया। जिससे गली से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। इसके अलावा, स्थानीय लोगों ने सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क हृदय जांच शिविर कल

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि 11 जुलाई को शनिवार सुबह गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में सैनिकों और आमजन के लिए फ्री हृदय जांच शिविर एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में अमर अस्पताल मोहाली की टीम ईसीजी, शुगर, बीपी व अन्य लैब टेस्ट एवं मेडिकल चेक अप की सुविधाएं मुफ्त प्रदान करेंगी। शिविर में ईसीएचएस, हरियाणा सरकार के पूर्व व वर्तमान कर्मचारी, आयुष्मान एवं अन्य सवास्थ्य स्कीमों के लाभार्थियों का हृदय संबंधी और अन्य किसी बिमारी का मुफ्त इलाज किया जाएगा।

### मायके के लिए निकली महिला लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव किलाजफरगढ़ से मायके के लिए निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव किलाजफरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात जुलाई को उसकी पत्नी अपने मायके खरखोदा के लिए निकली थी। जिसके बाद उसकी पत्नी न तो अपने मायके पहुंची तथा न ही ससुराल वापस लौटी। उसकी पत्नी का मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### नरवाना में हुई मानसून की पहली बरसात

**नरवाना।** नरवाना में हल्की ही सही मानसून की पहली बरसात ने अपने कदम नरवाना की ओर बढाये तो सही इससे नरवाना के निवसियो को उमस भरी गर्मी से कुछ तो राहत मिलेगी। अभी तक तो ऐसा लग रहा था कि नरवाना में मानसून की बरसात होगी ही नहीं आसपास के गांवो जैसे ढाकल,डुमरखा, उझाना के आसपास बरसात हो चुकी है लेकिन नरवाना में मानसून की पहली बरसात हुई है। बादल वाही और बिजली गरजने का शिलशिला तो कुछ दिनों से जारी था लेकिन बरसात नहीं हुई थी।

### सकसं मांगों को लेकर 30 जुलाई को करेगा प्रदर्शन

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 30 जुलाई को जिला स्तरीय प्रदर्शन की तैयारियों के लिए बैठक का आयोजन पटवार भवन में किया गया। बैठक में मुख्य वक्ताओं ने कर्मचारियों की समस्याओं, उनके अधिकारों तथा संगठन को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता के तौर पर जरनैल सिंहव सुनीता कालीरमन मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला सचिव सनी पटवारी ने किया। जिला कैशियर संदीप राठी तथा जिला प्रधान संजीव कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं को और अधिक मजबूती से संगठनात्मक कार्य करने का संकल्प लिया है।

### गांव ईंटल कलां में स्वास्थ्य विभाग का फीवर मास सर्वे

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव ईंटल कलां में स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की तथा मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान एमपीएचडब्ल्यू पवन, भूपेंद्र यादव, जयवीर नेहरा ने घर-घर जाकर बुखार से पीड़ित लोगों की पहचान की और संदिग्ध मरीजों की मलेरिया जांच के लिए रक्त स्लाइड तैयार कर प्रयोगशाला भेजी ताकि समय पर बीमारी की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके।

### शूरवीर मृत्यु के समय भी धर्म को नहीं त्यागते

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने दादा खेड़ा पर पूजा अर्चना के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महाभारत के युद्ध के 17वें दिन कर्ण रणभूमि में गिर चुके थे। पांडव शिविर में उल्लास के समय भी भगवान कृष्ण खिन्न थे। पूछने पर भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उनके पीछे-पीछे चलने को कहा और वे युद्ध भूमि में चले गए। उस समय रात्रि होने को थी खून से लथ पथ लासो के ढेर, सिर कटे धड़, बाजू कटे शरीरों पर मंडराते गिद्ध, घायल योद्धाओं के कहराने की आवाजों का दृश्य बड़ा ही हृदय विदारक था।

---

### समिति के अनुरोध पर ग्राम सभा में प्रस्ताव को दी मंजूरी

# 25 पंचायतों ने पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव का उठाया जिम्मा : मताना

## जुलाना बीडीपीओ कार्यालय में सरपंच व ग्राम सचिव का प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला जींद की 25 ग्राम पंचायत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की नई योजना को अपना कर पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव का जिम्मा उठाने के लिए तैयार है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए जिला जींद की 245 ग्राम सभा में प्रस्ताव पास करवाने, ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति व विभाग के अधिकारियों के सांझा घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने की आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने आज बीडीपीओ कार्यालय जुलाना में ग्राम सचिव व सरपंचों कि बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। मताना ने बताया कि विभाग द्वारा पेयजल का प्रबंधन व रखरखाव में ग्राम पंचायत की सहभागिता को लेकर नई योजना तैयार की गई है। इस योजना के बारे में ग्राम पंचायती व ग्रामीणों को जागरूक किया गया जा रहा है। जिले में ग्राम पंचायत द्वारा योजना में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने ग्राम सभा का आयोजना किया जा रहा है।


**जुलाना।** बीडीपीओ कार्यालय में ग्राम सचिव व सरपंचों की मीटिंग को संबोधित करते रणधीर मताना।

रणधीर मताना ने बताया कि इसके बाद ग्राम सभा में प्रस्ताव पास किया गया कि गांव का सबसे पहले सर्वे किया जाएगा ताकि पता चल सके कि गांव में किस-किस घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इसके साथ ही गांव में कितने नलों पर टेप लगी हुई है। गांव में लीकेज व अस्वच्छ कनेक्शन कहां-कहां है। इस मौके पर खंड समन्वयक दिनेश कुमार ने जल संरक्षण व स्वच्छता के बारे में ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक बताया। इस मौके पर सरपंच पुष्पा देवी, ग्राम सचिव दीपक, पंच रविंद्र, सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह, पवन, मोहित सहित काफी संख्या में उपस्थित रहे।

#### क्या है योजना

इस योजना के तहत ग्राम पंचायत व ग्रामीणों द्वारा पेयजल आपूर्ति का प्रबंधन व रखरखाव किया जाएगा जिसमें बिजली उपकरण रखरखाव व लीकेज इत्यादि को ठीक किया जाएगा। इसकी एवज में ग्राम पंचायत को रखरखाव के लिए बनाए गए एस्टीमेट की एक चौथाई राशि पूर्व में ही दी जाएगी, जोकि ग्राम पंचायत के नये इंडियन बैंक खाते में जमा होगी। गांव में स्वयं सहायता समूह की महिला द्वारा पेयजल बिल एकत्रित किया जाएगा और यह राशि भी पेयजल के प्रबंधन व रखरखाव पर खर्च की जाएगी। बड़े कार्य जलघर निर्माण, पाइप लाइन व बिजली बिल इत्यादि कार्य विभाग द्वारा ही किये जाएंगें।

#### ग्राम पंचायत निभाए अहम भूमिका

कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा ने कहा कि सिंगल विलेज स्कीम के तहत ग्राम पंचायत नई योजना में रूचि दिखाकर अहम भूमिका निभाये। इसके लिए ग्राम सभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी होना सुनिश्चित करे ताकि लोगों को योजना के बारे में जानकारी मिल सके।

---

# लिंगानुपात बढ़ाने की कवायद

■ अल्ट्रासाउंड केंद्रों को अपने अस्पताल के मुख्य शीर्ष पर लिखना होगा पीसी पीएनडीटी केंद्र का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निजी अस्पतालों एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों के साथ पीसी पीएनडीटी अधिनियम एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर बैठक का आयोजन सीएमओ कार्यालय में किया गया। बैठक में निजी अस्पतालों एवं पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों ने भाग लिया। बैठक में पीसी पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जिले के लिंगानुपात में सुधार को लेकर निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने सभी निजी अस्पतालों एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों से पीसी पीएनडीटी अधिनियम एवं अन्य लागू कानूनों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने तथा जिले के बाल लिंगानुपात में सुधार हेतु जिला प्रशासन के साथ सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। एनएचआरसी विशेष मॉनिटर सदस्य बाल कृषण गोयल द्वारा उनके जींद दौरे में दिए गए निर्देशानुसार बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्र अपने अस्पताल के मुख्य शीर्ष पर पीसी पीएनडीटी केंद्र का नाम, पंजीकरण संख्या तथा संबंधित चिकित्सक का हरियाणा मेडिकल काउंसिल (एचएमसी) पंजीकरण संख्या प्रमुखता से प्रदर्शित करें। इसके लिए उन्हें 15 जुलाई तक का समय दिया गया है। एनएचआरसी सदस्य के सुझावों के अनुरूप अल्ट्रासाउंड्र सीटी स्कैन, एमआरआई एवं अन्य जांचों की अधिकतम दरें निर्धारित कर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने पर भी चर्चा हुई। निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने शीघ्र ही एक समान प्रस्तावित दर सूची प्रशासन को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि यदि 18 वर्ष से कम आयु की गर्भवती बालिका अल्ट्रासाउंड के लिए आती है तो ऐसे मामलों में पॉक्सो अधिनियम सहित लागू कानूनी प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।


**उचाना।** मीटिंग को संबोधित करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### चंदा चोरी मामले की केंद्रीय एजेंसी से हो जांच : दुष्यंत

**उचाना।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला गुरूवार को उचाना की ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के बीएलए-2 कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर हरियाणा में चल रही एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण, राजस्थान के साथ हरियाणा के पानी के समझौते, चनौत में पीने के पानी को लेकर चल रहे आंदोलन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे सहित विभिन्न मुद्दों पर खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी। राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह बेहद गंभीर और लोगों की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई ट्रस्टियों को हटाया जा चुका है, जबकि कई लोगों पर अभी आरोप तय होना बाकी हैं। पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, बृज शर्मा, राजेंद्र लितानी, रविंद्र सांगवान, बलवान थुआ, जोरा सिंह डूमरखा आदि मौजूद थे।

### 17 जुलाई का दिन होगा ऐतिहासिक : संदीप चहल

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक एवं युवा नेता संदीप चहल बड़ौदा ने कहा कि 17 जुलाई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद पहुंचकर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह पल न केवल जींद बल्कि पूरे हरियाणा के लिए गौरव का विषय होगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में उचाना हलके से बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनने जींद पहुंचेंगे। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए उचाना क्षेत्र से लोग सीएनजी वाहनों, इलेक्ट्रिक वाहनों तथा साइकिलों के माध्यम से भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

चहल ने कहा कि जींद की धरती से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन शुरू होना जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे जींद की पहचान राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी और मजबूत होगी।

---

### 'वित्तीय रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक'

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, कलौढ़ा खुर्द में सीबीएसई के इन हाउस प्रशिक्षण दिशानिर्देशों के अंतर्गत शिक्षकों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं रिटायरमेंट प्लानिंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आर्थिक रूप से अधिक जागरूक बनाना, वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना तथा भविष्य के लिए सुनियोजित आर्थिक सुरक्षा के प्रति प्रेरित करना था। प्रशिक्षण का संचालन वित्तीय विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक भास्कर चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या वीणा डारा द्वारा भास्कर चक्रवर्ती का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत करने के साथ हुआ। संबोधन में कहा कि बदलते समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ शिक्षकों का वित्तीय रूप से सशक्त एवं जागरूक होना भी अत्यंत आवश्यक है।


**नरवाना।** शिक्षकों को सम्बोधित करते भास्कर चक्रवर्ती साथ में बैठे स्कूल संचालक इंजिनियर प्रदीप नैन। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते डीसी।

### शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

**जींद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने आमजन की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि हर शिकायत का नियमानुसार समाधान किया जाए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते निर्धारित समयावधि में उनका निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके। सरकार के निर्देशानुसार हर सोमवार एवं वीरवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं की एक ही स्थान पर सुनवाई कर उनका शीघ्र समाधान करना है।

### परीक्षाओं को लेकर लगाया हेल्प डेस्क

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में आयोजित प्रवेश परीक्षा के दौरान छात्र हितों के लिए इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट द्वारा विवि में पूरे दिन हेल्प डेस्क का संचालन किया गया। संगठन के संस्थापक एवं छात्र नेता अमित आदिवाल के नेतृत्व में लगाए गए इस हेल्प डेस्क का उद्देश्य प्रवेश परीक्षा देने आए विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना था। प्रवेश परीक्षा में हरियाणा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी विश्वविद्यालय पहुंचे। ऐसे में कई विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र, विभाग, कक्ष संख्या, दस्तावेजों की जानकारी तथा विश्वविद्यालय परिसर से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही थी। इसे देखते हुए कार्यकर्ताओं ने सुबह से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



चौधरी रणबीर सिंह विवि में छात्र सहायता शिविर लगाए संगठन कार्यकर्ता।


**जींद।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर शपथ दिलाते स्वास्थ्यकर्मी।

### बेटियां परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर

**जींद।** सब सेंटर निर्जन में स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुरेश कुमार की अगुवाई में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने तथा बेटियों की शिक्षा और समान अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि बेटियां परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के समान अवसर प्रदान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। साथ ही लोगों से लिंग भेदभाव समाप्त करने, बेटियों का सम्मान करने तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता वीरेंद्र कुमार, सौरभ, देवीराम आदि मौजूद रहे।

---


**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते एसडीएम। *फोटो :हरिभूमि*

### नागक्षेत्र सरोवर में आटा-खाद्य सामग्री न डालें श्रद्धालु

**जींद।** सफीदों स्थित नागक्षेत्र सरोवर में मछलियों के मरने की घटनाओं को गंभीरता से लेते एसडीएम पुलकित मल्होत्रा के निर्देशानुसार गठित संयुक्त समिति ने सरोवर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मत्स्य विभाग, नपा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेकर रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी है। रिपोर्ट के अनुसार मत्स्य विभाग द्वारा सरोवर के पानी के नमूनों की जांच कराई। जिसमें पानी में अमोनिया की मात्रा अधिक पाई गई। विशेषज्ञों के अनुसार इसका प्रमुख कारण श्रद्धालुओं द्वारा अत्यधिक मात्रा में आटा, ब्रेड, मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्री डालने से बढ़ा जैविक भार (ऑर्गेनिक लोड) है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि सरोवर के संरक्षण के लिए तली में जमा गाद को निकालकर वैज्ञानिक तरीके से सफाई कराना तथा मछलियों को अनियंत्रित रूप से भोजन डालने पर रोक लगाना आवश्यक है।

# एसडीओ-जेई को सस्पेंड किया जाए

■ चैनत गांव की तरह सोमवार को होगा बड़ा आंदोलन : डा. श्योकंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

बुधवार को गांव बड़नपुर में गंदे पानी की निकासी के लिए पुराने तालाब में फिल्टर पानी के लिए बनाई गई दीवार गिर गई। पूर्व सरपंच डॉ0 जोगिन्द्र श्योकंद ने बताया कि जैसे ही गंदे पानी का नाका काटकर पुराने तालाब की तरफ किया गया तभी ठेकेदार द्वारा बनाई दीवार गिर गई व गंदे पानी का काम बंद हो गया। उन्होंने बताया कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है जिसके कारण ग्रामवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कामरेड सुरेश ने कहा कि गांव बडनपुर में दो



महीनों के अंदर एडीसी प्रदीप कुमार 4 बार दौरा कर बीडीपीओ उचाना, एक्शन, एसडीओ, जेई को सख्त आदेश दिए थे कि 5 जून तक गंदे पानी की निकासी पुराने तालाब में कर दी जाए व नए तालाब में 2 महीनों के अंदर पाइपलाइन बिछाकर वहां निकासी की जाए लेकिन ठेकेदार व उच्च अधिकारियों ने एडीसी प्रदीप कुमार की एक नहीं मानी। बताया कि हमारी मुख्य मांगे हैं कि ठेकेदार का लाइसेंस रद्द किया जाए व जुर्माना लगाया जाए, पंचायती राज एक्शन, बीडीपीओ उचाना, एसडीओ, जेई को सस्पेंड किया जाए, गंदे पानी की निकासी का जल्द से जल्द प्रबंध किया जाए। डा. ओमप्रकाश श्योकंद ने कहा कि दो महीनों से प्रशासन व ठेकेदार द्वारा लापरवाही के कारण हमारे गांव का भाई-चारा बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। जो काम मात्र 2 सप्ताह में किया जाना था वह 2 महीने बीत जाने पर भी नहीं हुआ। एडीसी प्रदीप कुमार अच्छा प्रयास कर रहे हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही व ठेकेदार के भ्रष्टाचार से तंग आकर ग्रामीण मजबूरीवश गांव चैनद की तरह सोमवार से सभी 36 बिरादरी को लेकर धरने पर बैठेंगे।


**जींद।** ग्रामीणों को मच्छरजनित बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए।

# जींद: मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति किया जागरूक

■ स्वास्थ्यकर्मियों ने निडानी में चलाया फीवर मास सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत गांव निडानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। यह अभियान स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह एवं विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा उन्हें समय पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। जिन लोगों में बुखार के लक्षण पाए गए, उनकी मलेरिया जांच के लिए रक्त स्लाइड तैयार कर प्रयोगशाला भेजी गई ताकि समय रहते मलेरिया की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके। सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रत्येक परिवार को मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि बरसात के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी मच्छरों के प्रजनन को बढ़ावा देती है। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए घर, आंगन, गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर साफ.-सफाई बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह एवं विजेंद्र सिंह ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है लेकिन समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तेज बुखार, ठंड लगना, अत्यधिक पसीना आना, सिर दर्द, शरीर व जोड़ों में दर्द, कमजोरी, उल्टी अथवा बार-बार बुखार आना मलेरिया के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर मलेरिया की जांच अवश्य करवानी चाहिए। स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों से कहा कि यदि किसी घर में लगातार बुखार का मरीज हो तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें ताकि समय पर जांच कर बीमारी को फैलने से रोका जा सके। टीम ने ग्रामीणों को यह भी समझाया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

---

### सीआरएसयू की आउटरीच सेल ने गांव और विवि के बीच संवाद को मजबूत बनाने की दिशा में बढ़ाया कदम

# गांवों से जुड़ेगा विश्वविद्यालय, शिक्षा और संस्कारों से सशक्त होंगे युवा : डॉ. विजय

गांव विवि की शक्ति और विवि गांवों की आशाओं का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि की आउटरीच सेल द्वारा गांवों एवं विवि के मध्य संवाद, सहयोग और सहभागिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गांव विवि संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समाजसेवी एवं नम्बरदार मनजीत ने की। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए नम्बरदारों, समाजसेवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेते शिक्षा, सामाजिक सरोकारों, युवाओं के चरित्र निर्माण, संस्कार, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांवों को विवि की गतिविधियों से जोड़ना, ग्रामीण छात्रों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा समाज और विवि के बीच निरंतर संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कुलपति के ओएसडी डा. विजय कुमार एवं एनएसएस समन्वयक डा. नवीन लाडवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। डा. विजय कुमार ने कहा कि विवि का वास्तविक उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना नही बल्कि समाज के साथ जीवंत संबंध स्थापित करना भी है। कहा कि गांव विवि की शक्ति हैं और विवि गांवों की आशाओं का केंद्र है। यदि गांव और विवि एक-दूसरे के साथ निरंतर जुड़े रहेंगे तो शिक्षा का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।


**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति के ओएसडी डा. विजय कुमार।

#### शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य होगा पूरा

डा. नवीन लाडवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विश्वविद्यालय और समाज के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। युवाओं को केवल रोजगार तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, स्वच्छता, मतदाता जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण जैसे कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। अध्यक्षता कर रहे मनजीत ने कहा कि गांव और विवि का संबंध केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार बनना चाहिए। कहा कि यदि गांव का प्रत्येक शिक्षित युवा अपने गांव और समाज से जुड़ा रहेगा तो शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा।

# 6209 आवेदनों के साथ कैथल आईटीआई ने पाया दूसरा स्थान

## राजकीय आईटीआई हिसार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

- ट्रेड च्वाइस भरे जाने पर आनलाइन आवेदनों ने पकड़ी रफ्तार
- सेना व नौकरियों में अतिरिक्त नंबर दिए जाने के चलते बढ़ रहा आईटीआई का रूझान
- 15 जुलाई तक भरी जा सकेगी ट्रेड च्वाइस और आनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। राजकीय आईटीआई कैथल का भवन। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नए सत्र के दाखिलों को लेकर विद्यार्थियों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रेड च्वाइस भरने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद ऑनलाइन आवेदनों में तेजी आई है। इसी क्रम में 6209 ऑनलाइन आवेदनों के साथ राजकीय आईटीआई कैथल ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि राजकीय आईटीआई हिसार प्रथम स्थान पर रहा है। बढ़ती संख्या से यह स्पष्ट है कि युवाओं का रुझान अब तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन और ट्रेड च्वाइस भरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ आवेदन संख्या में और अधिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। विद्यार्थी अपनी पसंद के ट्रेड का चयन कर पोर्टल पर लॉक भी कर सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार आईटीआई के प्रति बढ़ते आकर्षण का प्रमुख कारण सेना भर्ती और विभिन्न सरकारी नौकरियों में अतिरिक्त अंक हैं। इसके अलावा उद्योगों में कुशल तकनीशियनों की बढ़ती मांग, अप्रेंटिसशिप के बेहतर प्राप्त करने की संभावना भी विद्यार्थियों को आईटीआई की ओर आकर्षित कर रही है।

### इन कोर्सों में विशेष रुचि

राजकीय आईटीआई कैथल में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (सीओपीए) सहित कई ट्रेडों में विद्यार्थियों की विशेष रुचि देखने को मिल रही है। ट्रेड च्वाइस भरने के दौरान इन लोकप्रिय ट्रेडों में सीटें जल्दी भरने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेशभर में आईटीआई दाखिलों को लेकर इस बार सकारात्मक माहौल दिखाई दे रहा है। रोजगारोन्मुखी शिक्षा, सरकारी योजनाओं का लाभ और तकनीकी क्षेत्र में बढ़ते अवसरों ने युवाओं का विश्वास आईटीआई शिक्षा की ओर मजबूत किया है। यदि यही रुझान जारी रहा तो इस वर्ष आईटीआई संस्थानों में पिछले वर्षों की तुलना में अधिक दाखिले होने की उम्मीद है।

### ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें छात्र

राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने अभ्यर्थियों से कहा कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। वे अपनी ट्रेड च्वाइस भरकर उसे लॉक अवश्य करें, ताकि किसी तकनीकी समस्या या अंतिम समय की परेशानी से बचा जा सके।

### ये हैं आनलाइन आवेदन में टॉप टेन आईटीआई

| | | |
|---|---|---|
| 1. हिसार | 4. यमुनानगर | 7. करनाल |
| 2. कैथल | 5. भिवानी | 8. सिरसा |
| 3. जींद | 6. अंबाला शहर | 9. नरवाना 10 बरवाला |

# द माइलस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

द माइलस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैथल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनसीओआरडी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत /"नशे को कहें ना – स्वस्थ जीवन को चुनें/" विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवन का संदेश देने वाले प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, जागरूकता एवं सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। यूनिट हेड श्रीमती पूनम विशिष्ट ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, जिम्मेदार एवं अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने के संकल्प के साथ हुआ।

# जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

- 31 जुलाई तक करें नि:शुल्क पंजीकरण

कैथल। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम कैथल में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट तथा पर जाकर 31 जुलाई तक निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्राचार्य उमेश कुमार ने बताया कि प्रवेश के लिए वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो कैथल जिले के निवासी हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान जिले के किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के माध्यम से किया जाएगा। यह परीक्षा 28 नवंबर 2026 (शनिवार) को आयोजित होगी। चयन परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं आवासीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्राचार्य ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा से पहले ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें और आवेदन करते समय सभी आवश्यक जानकारियां सही-सही भरें। प्रवेश प्रक्रिया एवं आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, कैथल से संपर्क करें।



गुहला चीका। छह बड़े कूड़ादान भेंट करते भारत विकास परिषद शाखा के पदाधिकारी।

## भारत विकास परिषद ने राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय को दिए छह बड़े कूड़ादान

गुहला-चीका। भारत विकास परिषद, शाखा चीका द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय, चीका में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देते हुए विद्यालय को छह बड़े कूड़ादान भेंट किए गए। इन कूड़ादानों के माध्यम से विद्यालय परिसर में कचरे का वैज्ञानिक एवं सुव्यवस्थित निस्तारण किया जा सकेगा, जिससे स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल वातावरण बनाए रखने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक डॉ. विनोद कुमार गुप्ता, अध्यक्ष कमल गोयल, सचिव डॉ. निधि बंसल, महिला सहभागिता संयोजक डॉ. सरिता भाटला, वित्त सचिव अतुल प्रकाश गर्ग, मास्टर परमजीत सिंह सहित विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने तथा कूड़ा निर्धारित कूड़ादानों में ही डालने के लिए प्रेरित किया।

# सरकारी योजनाओं का पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे लाभ : मनीष कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला-चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने विकास कार्यों की गति बढ़ाने तथा हो रहे कार्यों की निगरानी के लिए उपमंडल स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को विभाग का आबंटन किया गया है। सरकार की योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाएगा। सभी को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। एसडीएम मनीष कुमार यादव वीरवार को उपमंडल स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। एसडीएम ने कहा कि हमारा मकसद आमजन की समस्याओं और शिकायतों का निपटान करना है। इसी लक्ष्य के दृष्टिगत सभी नागरिकों की समस्याओं को अच्छे व्यवहार करते हुए समझें तथा उचित समाधान करें। वहीं नागरिक भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करें। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने से बचें। गुहला-चीका में रोड व जोहड़ को कब्जे से मुक्त करवाने के लिए एक मुहिम चलाई जाएगी, लोगों को जागरूक किया जाएगा। समाज के लोगों का साथ होगा तो हम जल्द ही इस समस्या से मुक्ति पा लेंगे। एसडीएम ने पशुपालन विभाग के अधिकारी से योजनाओं के बारे में पूर्ण फीडबैक ली। इसके बाद क्रीड विभाग द्वारा बनाए जा रहे परिवार पहचान पत्र, नहरी विभाग से ड्रेनों, नहरों व चैनलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नहरी विभाग के अधिकारी को निर्देश भी दिया कि वे समय-समय पर उन स्थानों का दौरा भी करेंगे। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है, इसलिए किए जा रहे कार्यों की गति को बढ़ाएं। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पेयजल व्यवस्था को हर घर पेयजल पहुंचाएं।



पंडरी। वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट करते संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## 'एक किरण उम्मीद की' संस्था ने जल संरक्षण को लेकर लोगों को किया जागरूक

पूंडरी। "एक किरण उम्मीद की" संस्था द्वारा सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल डुल्यानी में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल के महत्व तथा उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेई पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट अजय शर्मा एव वक्ता ब्लॉक रिसर्च कोऑर्डिनेटर बलकार सिंह ने बच्चों को प्रेरणादायक कहानियों और उदाहरणों के माध्यम से पानी बचाने के विभिन्न उपाय बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में जल का सदुपयोग करने तथा जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अनमोल है। उन्होंने बच्चों से जल बचाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।



कलायत। शिक्षकों व छात्राओं के साथ पौधा रोपण करते प्राचार्य गुलाब सिंह।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कलायत। कलायत के पास के गांव सजूमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) सजूमा में इको क्लब तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों व छात्राओं ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य ने काह कि आयोजन का उद्देश्य छात्राओं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता बढ़ाना व विद्यालय परिसर को अधिक हरा-भरा बनाना रहा। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। बताया कि विद्यालय का इको क्लब छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी, प्रकृति प्रेम और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित करने के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर सीमा रानी, मोहिनी शर्मा, बीना देवी आदि रहे।



राजौंद। माई भारत अभियान के तहत युवाओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित करते जिला युवा अधिकारी मोहित नेहरा। फोटो : हरिभूमि

## 15 अगस्त तक चलेगा 'मेरा युवा भारत' सघन पंजीकरण अभियान

राजौंद। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में 'मेरा युवा भारत माई भारत के तहत 1 जुलाई से 15 अगस्त तक देशव्यापी सघन पंजीकरण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देश के 5 करोड़ युवाओं को माई भारत पोर्टल से जोड़कर उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।जिला युवा अधिकारी मोहित नेहरा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत कैथल जिले के महाविद्यालयों,विश्वविद्यालयों,औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों विद्यालयों, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों, युवा मंडलों तथा विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में विशेष पंजीकरण शिविर, जागरूकता कार्यक्रम, युवा संवाद, कार्यशालाएं एवं जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ संवाद करने के विशेष अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक,परिसर प्रतिनिधि एवं नामित प्रभारी अपने रेफरल कोड के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे, जिससे पारदर्शी मॉनिटरिंग संभव होगी।

# 12 जुलाई को मेदांता की टीम लगाएगी हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

- हृदय एवं श्वास रोग विशेषज्ञ करेंगे नि:शुल्क जांच, दवाइयां भी मिलेंगी मुफ्त

पंजाबी वेलफेयर सभा कैथल द्वारा सभा के संरक्षक एवं प्रमुख समाजसेवी श्री कमल आहूजा के सौजन्य से उनके स्वर्गीय माता-पिता की पावन स्मृति में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफल आयोजन के लिए पंजाबी वेलफेयर सभा की सब कमेटी की बैठक सभा के प्रधान सुषम कपूर की अध्यक्षता में हुई। यह शिविर रविवार, 12 जुलाई 2026 को अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा स्मारक, पार्क रोड, कैथल में प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भाव्या बंसल एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर में आने वाले सभी लोगों के लिए रक्तचाप, ब्लड शुगर, ईसीजी, बोन डेंसिटी, पीएफटी, एक्स-रे जैसी महत्वपूर्ण जांचें बिल्कुल निःशुल्क की जाएंगी। इसके साथ ही डॉक्टरों के परामर्श के बाद आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त वितरित की जाएंगी। प्रधान सुषम कपूर ने कहा कि पंजाबी वेलफेयर सभा शुरू से ही समाजसेवा के लिए प्रतिबद्ध है। यह शिविर आम नागरिकों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा उनके शहर में ही उपलब्ध कराने का एक बड़ा प्रयास है। आधुनिक मशीनों द्वारा अनुभवी डॉक्टरों की टीम जांच करेगी और जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क परामर्श व दवाइयां दी जाएंगी।



पूंडरी। सरकारी अस्पताल में व्हीलचेयर भेंट करते भाविप पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## जरूरतमंद मरीजों की सेवा को समर्पित भारत विकास परिषद का सराहनीय प्रयास

पूंडरी। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारत विकास परिषद, शाखा फतेहपुर-पूंडरी द्वारा वीरवार को सरकारी अस्पताल, पूंडरी में निःशुल्क व्हीलचेयर एवं फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना तथा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। परिषद के इस सेवा कार्य की चिकित्सकों, अस्पताल प्रशासन तथा उपस्थित लोगों ने मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम के दौरान परिषद की ओर से सरकारी अस्पताल को दो नई व्हीलचेयर भेंट की गईं, जिससे अस्पताल में आने वाले वृद्ध, दिव्यांग एवं गंभीर मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक फल वितरित किए गए। परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महिलाओं का कुशलक्षेम जाना तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वस्थ शिशु के जन्म की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश, डॉ. अनूप, डॉ. जोगिंदर, डॉ. राकेश कौशिक तथा बिजली बोर्ड से गौरव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भारत विकास परिषद द्वारा समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की।

**शिविर** समाधान शिविर में सीटीएम ने सुनी जन समस्याएं

# अटैला में अधूरे शेड निर्माण, मानस में तालाब के ओवरफ्लो की शिकायतों पर लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। सीटीएम प्रमेश सिंह समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीटीएम प्रमेश सिंह ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। सीटीएम प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत प्रदान करना है। अधिकारी प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समय सीमा में निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान शिविर में गांव अटैला निवासी सुल्तान सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि जिला परिषद कैथल द्वारा गांव के जोहड़ के पास शेड निर्माण का कार्य शुरू करवाया गया था, लेकिन काफी समय से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। उन्होंने इस कार्य को शीघ्र पूरा करवाने की मांग रखी। सीटीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीणों ने की समाधान की मांग

गांव मानस के कुछ ग्रामीणों ने शिकायत देकर बताया कि गांव में लंबे समय से पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई घरों के सामने गंदा पानी जमा रहता है। बरसात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने नाली एवं गली निर्माण करवाकर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। वहीं शिविर में प्योदा के मेन बस अड्डा क्षेत्र के नागरिकों ने तालाब के ओवरफ्लो होने की शिकायत रखी। नागरिकों ने बताया कि तालाब का पानी गलियों और आसपास के घरों में पहुंच रहा है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ बीमारियों का खतरा बना हुआ है। दोनों शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सीटीएम ने संबंधित अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# एसडीएम ने शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

- गुहला-चीका में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की उठाई मांग

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान करें। नागरिकों के साथ अच्छे से व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याएं सुने और उन समस्याओं का हल निकालने का प्रयास करें। यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी लापरवाही करेगा तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। एसडीएम मनीष कुमार यादव वीरवार को उपमंडल कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने गांव पपराला, भूना, मस्तगढ़, बदसूई, हरिगढ़ किंगन गांव से आए ग्रामीणों की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना। मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान शिविर में आई इन शिकायतों की गहनता से जानकारी हासिल करें। यदि किसी शिकायत के संदर्भ में उस स्थान का दौरा किया जाना है तो जरूर वहां पर पहुंचे। ग्रामीणों की समस्याओं को सहजता से सुनते हुए समाधान निकाले। समाधान शिविर में आनी वाली हर शिकायत का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। आमजन को परेशानी न हो, इस सोच के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। यदि कोई व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहता है, उसे योजना की बारिकी से जानकारी दें। गांवों में बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी अन्य मूलभूत सुविधाओं का उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। गुहला-चीका में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। सभी अधिकारी, कर्मचारी नागरिकों के सहयोग से इस क्षेत्र को चमकाने का कार्य करेंगे। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर हर सोमवार व वीरवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाता है। जिसमें लोगों की समस्याओं को सुना जाता है।

## गलियों, सड़कों और बाजारों में जमा पानी, लोगों ने किया समस्याओं का सामना

# कलायत में बारिश ने फिर खोली प्रशासन के बाढ़ प्रबंधन की पोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

कलायत में बारिश लगातार प्रशासन के बाढ़ प्रबंधन और जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल रही है। बाढ़ प्रबंधन के तहत नगर पालिका, पंचायती राज, सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व अन्य विभाग बड़ा बजट व्यय कर रहे हैं। इसके बावजूद जलभराव की मार झेलने वालों में उपमंडल मुख्यालय भी शामिल है। बरसात के दौरान उप मंडल मुख्यालय भवन की नेशनल हाईवे बाइपास की तरफ दीवार के पास भारी मात्रा में पानी जमा हो गया। नगर के कई प्रमुख मार्गों, बाजारों, आवासीय कॉलोनियों और सरकारी कार्यालयों में जलभराव होने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के विभिन्न हिस्सों में घंटों तक पानी जमा रहने से लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिली।

सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में अनाज मंडी, सजुमा रोड, रेलवे रोड, कुलवंत नगर, कपिल मुनि रोड व शहर के कई अन्य इलाके शामिल रहे। कपिल मुनि रोड पर नगर पालिका कार्यालय से रेलवे रोड को जोड़ने वाले बाजार में कई-कई फीट तक पानी भर गया। इसके कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और बाजार में खरीदारी के लिए आए लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। कई दुकानों और मकानों में बारिश का पानी घुस जाने से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। राजकीय महिला कॉलेज के समीप स्थित इंदिरा कॉलोनी में भी जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई रही। सजुमा रोड स्थित वार्ड-1 में सीवर मेनहॉलों को गलियों के निर्माण व रिपेयर के नाम पर ब्लाक्सों के बीच दबाने से पानी की निकासी नहीं हो सकी। इसके अलावा वार्ड-11 की धीमान स्टूडियो, यादव मिष्ठान व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के साथ लगते मुख्य मार्ग सहित शहर के अधिकांश हिस्सों में जलभराव की समस्या बनी रही। शहर के लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बाढ़ प्रबंधन के बड़े-बड़े दावे किए थे। बारिश में व्यवस्था पूरी तरह विफल साबित हुई।





कलायत। कपिल मुनि रोड पर स्थित बाजार में जमा बरसाती पानी के बीच से निकलते लोग एवं वार्ड एक स्थित गुरु रविदास कॉलोनी में जमा बरसाती पानी।

### इन वजह से आ रही ज्यादा दिक्कत

बाढ़ प्रबंधन के तहत शहर एवं ग्रामीण अंचल में पानी निकासी के मार्गों को सुगम करना था। इसके तहत सफाई का कार्य व्यापक स्तर पर करना जरूरी था। लेकिन वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के सामने व कुछ दूसरे स्थानों पर अवैध कॉलोनियों के नाम पर व्यापक स्तर पर गैर कानूनी तौर से मिट्टी खनन कार्य किया गया है। इससे मुख्य निकासी के मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं। इसी तरह सिंचाई विभाग के संसाधनों की समुचित रूप से सफाई नहीं हुई है। जंगली वनस्पति से संसाधन घिरे हैं। उधर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में कुल 5 मोटरों में से 2 पिछले कई दिनों से खराब पड़ी हैं। ऐसे में सीवरेज प्रणाली प्रभावित है और गंदा पानी आवासीय-व्यवसायिक क्षेत्रों में घुस रहा है।

### एसडीएम के आदेशों को भी गंभीरता से नहीं लिया

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की शिकायतों को देखते हुए एसडीएम अजय हुड्डा समय-समय पर बाढ़ प्रबंधन कार्यों की समीक्षा कर चुके हैं। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों की कमियां सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को उन्हें दूर करने के निर्देश भी दिए गए थे। इसके बावजूद जल निकासी व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दिया।

**ब्लाक्स के नीचे से बाहर निकालेंगे सीवरेज मेनहॉल:** नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें भेजी गई हैं। जहां-जहां पानी की निकासी में बाधा आ रही है वहां तत्काल समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जिन गलियों में सीवर मैन हाल ब्लाक्स के नीचे दबा दिए गए हैं उन्हें क्रियाशील बनाने को ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले



**उचाना।** गुरुवार दोपहर हुई बारिश से क्षेत्र के तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे उमस और गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। वहीं धान की रोपाई में जुटे किसानों के लिए भी यह बारिश किसी राहत से कम नहीं रही। पिछले कई दिनों से आसमान में बादल छा रहे थे, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए डीजल पंपों का सहारा लेना पड़ रहा था। हालांकि बारिश से मौसम सुहावना हो गया, लेकिन शहर के कई हिस्सों में जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। रेलवे रोड, बैंक कॉम्प्लेक्स रोड तथा नेशनल हाईवे सहित कई स्थानों पर बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहा, जिससे वाहन चालकों, दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालक गुरदीप, कुलबीर और राजेंद्र ने बताया कि हर बारिश के बाद नेशनल हाईवे और शहर के कई बाजारों में जलभराव की स्थिति बन जाती है। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी की निकासी के लिए स्थायी और प्रभावी व्यवस्था की जानी चाहिए, क्योंकि मानसून की शुरुआत हो चुकी है और आगे भी लगातार बारिश की संभावना रहेगी। किसान कुलदीप, मंजीत और राजीव ने बताया कि इन दिनों धान की रोपाई का कार्य जोरों पर है। बारिश नहीं होने के कारण उन्हें डीजल खर्च कर खेतों की सिंचाई करनी पड़ रही थी। अब हुई बारिश से रोपाई के बाद फसल को लाभ मिलेगा और किसानों का सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी कम होगा।

सरकार द्वारा कड़े निर्देश देने के बाद भी गंभीर नहीं अधिकारी

# बरसात में और ढकने की बजाय कर्मचारियों ने हटाई तिरपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

सरकार की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था के बीच कलायत स्थित एक सरकारी अनाज भंडारण की बरसात से बचाव करने की बजाए गेहूं के बैगों से तिरपाल हटाने का मामला सामने आया है। इसके चलते बड़े पैमाने पर गोदाम में लगाए गए गेहूं के बैगों पर बरसात की लगातार मार वीरवार को पड़ती रही। इन हालातों में जिम्मेवार अधिकारी मौका स्थल से दूरी बनाए रहे। मामले की गंभीरता के चलते विश्व हिंदु परिषद व अन्य संगठनों के माध्यम से मामला प्रशासन के संज्ञान में पहुंचा। एसडीएम अजय हुड्डा द्वारा तत्काल विभाग के शीर्ष अधिकारियों को स्थिति से अगवत करवाया गया। लेकिन गेहूं के बैगों को ढांपने की कार्यवाही नहीं हुई। विहिप जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल, पार्षद प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, रोहताश कुमार व दूसरे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार की सोच अनाज के एक-एक दाने को सुरक्षित रखते हुए साफ-सुथरा अनाज नागरिकों को मुहैया करवाना है। इसके तहत भंडारण में कट्टों को करेटों से लेकर चोटी तक बेहतर ढंग से तिरपाल से ढांपने व अन्य सुरक्षित प्रबंध जरूरी हैं। लेकिन विभाग के एक जिम्मेवार अधिकारी से जब इस मामले में बातचीत की गई तो वे व्यवस्था को मजबूत करने की बजाए भारी चूक पर पर्दा डालते नजर आए। उनका तर्क था कि बरसात में गेहूं के स्टैगों को नीचे से ऊपर तक ढांपना जरूरी नहीं होता। इस प्रकार के अजीबोगरीब तर्क से लोगों में भारी गुस्सा है।



कलायत। बरसात के दौरान गेहूं भंडारण से हटाया गया तिरपाल।

### खराब नहीं होने देंगे अनाजः अजय हुड्डा

एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि बारिश के दौरान अनाज भंडारण को खुला छोड़ने के मामले की जानकारी संबंधित विभाग के जिला प्रबंधक को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर सरकारी अनाज को खराब नहीं होने दिया जाएगा।



### बरसात के बाद जलभराव से पुंडरी मार्ग पर हालात बदतर

*राजौंद। शहर के पुंडरी मार्ग पर जलभराव की समस्या ने नागरिकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सड़क पर पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरते समय कई लोग फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। सड़क पर बने गड्ढे पानी से भर जाने के कारण दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। सबसे अधिक परेशानी सुबह स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना इस जलभराव से होकर गुजरना मजबूरी बन गया है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।*

### बरसात से मिली गर्मी से राहत, गलियों में जलभराव से बढ़ी परेशानी

*राजौंद। बुधवार सुबह करीब 6 बजे हुई मूसलाधार बरसात ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं कई क्षेत्रों में यह बारिश परेशानी का कारण भी बन गई। शहर की कई गलियों में पानी भर जाने से लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई और राहगीरों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश अधिक देर तक नहीं चली, लेकिन इसकी तीव्रता काफी अधिक थी। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण पानी सड़कों और गलियों में जमा हो गया, जिससे स्थानीय निवासियों को असुविधा उठानी पड़ी। वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं रही। धान की फसल के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण होता है और इस दौरान हुई अच्छी बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जिससे किसानों को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि यह बारिश उनके लिए "सोने पर सुहागा" साबित हुई है।*



धरातल पर नही बल्कि कागजों में काम हो रहा

# भ्रष्टाचार के मामले में हरियाणा भयंकर रूप से घिरा : डॉ. सुशील गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि आज हरियाणा बहुत ही भयंकर रूप से भ्रष्टाचार से घिर चुका है। हरियाणा के अंदर भ्रष्टाचार में कोई ऐसा जिला और नगर निगम नही बचा है, जहां बिना पैसे दिए काम होता है। यह गौरखधंधा अधिकारियों और नेताओं का मिलाजुला है। जब पकड़े जाते हैं तो अधिकारियों को तो जेल में भेज दिया जाता है लेकिन नेताओं पर उंगली टिकने नही देते हैं।

पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुशील कुमार गुप्ता गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग यह जान चुके हैं कि बिना पैसे दिए सरकारी दफ्तर में कोई काम नही होता है। प्रोपर्टी आईडी, फैमिली आईडी, रजिस्ट्रेशन, रजिस्टरी की बात करें तो पूरा-पूरा तंत्र भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुका है।

सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के तीसरे बैच का शुभारंभ

# आत्मनिर्भर महिलाओं से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव : कमल गोयल

गुहला-चीका। भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा सेवा प्रकल्प के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए वार्ड नंबर-16 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के तीसरे बैच का शुभारंभ किया गया। शाखा सचिव डॉ. निधि बंसल ने बताया कि परिषद महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण केंद्र संचालित कर रही है। शाखा अध्यक्ष कमल गोयल ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर महिलाएं ही मजबूत परिवार और सशक्त राष्ट्र की नींव होती हैं। संरक्षक डॉ. विनोद गुप्ता ने कहा कि हुनरमंद महिलाएं परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पूर्व शाखा अध्यक्ष प्रेम सिंह पुनिया ने कहा कि सिलाई प्रशिक्षण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रभावी माध्यम है। महिला सहभागिता संयोजक डॉ. सरिता भाटला तथा मुरारी लाल गुप्ता ने भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेवा संयोजक रवींद्र बंसल, पर्यावरण संयोजक राकेश गोयल, वित्त सचिव अतुल गर्ग, संगठन सचिव गौरव गोयल, डॉ. सुभाष पुनिया, डॉ. रेनू गुप्ता, राज सेठी, अंजू बिंदलिश उपस्थित रहे।



गुहला-चीका। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के तीसरे बैच का शुभारंभ करते पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं।

# एकमुश्त निपटान योजना से कर के ब्याज व जुर्माने में मिलेगी छूट

## योजना 28 सितंबर तक प्रभावी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

- एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि वर्ष 2025 में लागू की गई एकमुश्त निपटान योजना को व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला था और हजारों व्यापारियों ने इसका लाभ उठाया था

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा व्यापारियों और उद्यमियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटान योजना 2026 लागू की गई है। यह योजना 28 सितंबर तक प्रभावी रहेगी। जिसके माध्यम से विभिन्न कर अधिनियमों के अंतर्गत लंबित कर बकाया मामलों का सरल एवं सुविधाजनक तरीके से निपटान किया जा सकेगा।

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि वर्ष 2025 में लागू की गई एकमुश्त निपटान योजना को व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला था और हजारों व्यापारियों ने इसका लाभ उठाते हुए अपने पुराने कर विवादों का समाधान कराया था। इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने एक बार फिर व्यापारियों के हित में यह योजना लागू करने का निर्णय लिया है। एसडीएम ने बताया कि यह योजना सात कराधान अधिनियमों के अंतर्गत लंबित कर बकाया मामलों पर लागू होगी। योजना का मुख्य उद्देश्य पुराने कर विवादों का निपटान कर व्यापारियों को राहत प्रदान करना तथा विभाग एवं व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

स्वच्छता अभियान से हो रहा खिलवाड़

# नपा प्रांगण में अधूरे शौचालय बने शोपीस काम बीच में छोड़कर गया ठेकेदार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

नगर पालिका प्रांगण स्थित पार्क के पास बनाए जा रहे सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। निर्माण कार्य रुकने से ये शौचालय उपयोग में आने की बजाय केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से निर्माण कार्य बंद पड़ा है, जिससे आसपास गंदगी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। वहीं, आमजन को सार्वजनिक सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता अश्विनी कुमार ने बताया कि जिस ठेकेदार को निर्माण कार्य दिया गया था, वह बीच में ही काम छोड़कर चला गया। अब दोबारा रिपेयर/निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और जल्द ही कार्य पूरा करवाया जाएगा। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।

### पर्यावरण संरक्षण और जल बचाना समय की सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारीः गुरमीत



पूंडरी। पूर्व सरपंच गुरमीत सिंह बुच्ची ने कहा कि मानसून का मौसम केवल बारिश का आनंद लेने का नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को इस वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण का संकल्प भी लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, घटते भूजल स्तर और बदलते जलवायु चक्र को देखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा। गांवों में तालाबों की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन, पौधारोपण तथा स्वच्छता अभियान जैसे कार्य जनभागीदारी से ही सफल हो सकते हैं। देशभर में भी मानसून के दौरान पौधारोपण और जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जन्मदिन, वर्षगांठ और अन्य शुभ अवसरों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दें। साथ ही किसानों और ग्रामीणों से खेतों की मेड़ों तथा सार्वजनिक स्थानों पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रकृति के संरक्षण में योगदान देगा तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण संबंधी अनेक चुनौतियों का प्रभाव काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

मिशन एडिमशन | विद्यार्थी 12 जुलाई तक दाखिले के लिए ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन

# यूजी कोर्स में अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए तीन दिन शेष

कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का किया जा रहा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

यूजी कोर्स में अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास केवल तीन दिन का समय बचा है। विद्यार्थी 12 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और विद्यार्थियों की लाग इन आइडी से त्रुटि हटाने का कार्य 18 जुलाई तक होगा। 20 जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके बाद 21 जुलाई को पहली प्रोविजनल लिस्ट तो 22 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 23 से लेकर 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। राजकीय पीजी कालेज में बीए कलां और बीए ज्योग्राफी संकाय में निर्धारित सीटों पर ढाई गुना आवेदन आ चुके हैं। जबकि बैचर आफ साइंस विद मेजर इन हिस्ट्री में लगभग डेढ़ गुना, बीबी, में लगभग पांच गुना, बीएसी में साढ़े तीन गुना, बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन लाइफ साइंस में लगभग दो गुनाए बैचर आफ साइंस विद मेजर इन कैमिस्ट्री में दो गुनाए बैचर आफ साइंस विद मेजर इन मैथ में ढाई गुना और बेचर आफ साइंस विद मेजर इन फजिक्स में भी दो गुना से ज्यादा आवेदन आए हैं। वहीं बीए इकोनामिक्स में निर्धारित सीटों पर 82 प्रतिशत और बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन फिजिकल साइंस में निर्धारित सीटों पर 53 प्रतिशत ही आवेदन आए हैं। बीए कला संकाय में निर्धारित 600 सीटों पर 1557 आवेदन आए हैं। बीए इकोनामिक्स में 40 सीटों पर 33ए बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 71, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 100, बीए हिस्ट्री में 40 सीट पर 58, बीबीए में 40 सीटों पर 190, बीकाम में 220 सीटों पर 286, बीसीए में 120 सीटों पर 436, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 335, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 340 सीटों पर 183ए बैचलर ऑफ साइंस इन कैमिस्ट्री में 40 सीटों पर 95, बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 100 और बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 40 सीटों पर 88 आवेदन आ चुके हैं।



जींद। दाखिले के लिए आवेदन करते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### 22 जुलाई को आएगी पहली मेरिट लिस्ट

*राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान ने बताया कि अब 22 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा उनके पास 23 से 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। ऐसे में विद्यार्थियों को चाहिए कि वे निर्धारित समय में आवेदन कर दाखिला सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों के पास आवेदन को लेकर केवल तीन दिन का समय बचा है। मेरिट लिस्ट को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने शेड्यूल जारी किया है।*

### 19 अगस्त तक चलेंगे दाखिले

*पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली सीट रहने पर 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 30 जुलाई से लेकर तीन अगस्त तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो चार अगस्त से फिजिकल काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। पांच अगस्त को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन और पहले वाले आवेदन में बदलाव के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छह से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। अगर फिर भी सीट खाली रह गई तो इसके बाद 13 से 19 अगस्त तक पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले हो सकेंगे।*

### मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

जुलाना। शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इलेक्शन रिलेटेड वर्क कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा.शमशेर सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. शमशेर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्धए पारदर्शी एवं अद्यतन मतदाता सूची का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल स्वयं जागरूक न रहें बल्कि अपने परिवारए रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को भी मतदाता सूची के सत्यापन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ निशु गुप्ता ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापित किया जाना आवश्यक है तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने अभिभावकों एवं आसपास के नागरिकों को इस विषय में जागरूक करें।